सत्यमेव जयते

# न्यायालय
# सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी
## गुढामालानी—बाड़मेर

(पीठासीन अधिकारी —केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)

प्रार्थना पत्र सं.:— 2025/588 दर्ज तिथिः— 11.08.2025

1. बाबूलाल पुत्र ठाकराराम
2. सुखराम पुत्र ठाकराराम
3. आशोक विश्नोई पुत्र हरीराम
4. ओमप्रकाश पुत्र हरीराम
5. कालु पुत्र घमण्डाराम
6. जयकिशन पुत्र घमण्डा
7. वीरा पुत्र घमण्डा
8. सदराम पुत्र घमण्डा
9. किशनाराम पुत्र भाखराराम
10. द्रोपो पत्नी भाखराराम
11. जोगाराम पुत्र ठाकराराम
12. भागीरथ पुत्र प्रहलाद
13. मुगला पुत्र धीमा

जाति विश्नोई निवासी जम्भेश्वर नगर तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर

................प्रार्थीगण

**बनाम**

1. किशनाराम पुत्र हरचन्दराम
2. नारायणलाल पुत्र हरचन्दराम
3. रामलाल पुत्र हरचन्दराम
4. शंकरलाल पुत्र हरचन्दराम
5. जयराम पुत्र मानाराम
6. भागीरथराम पुत्र मानाराम
7. पूनमाराम पुत्र भारूराम
8. बाबुलाल पुत्र भारूराम
9. भंवराराम पुत्र भारूराम
10. रामचन्द्र पुत्र भारूराम
11. सुखराम पुत्र भारूराम

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.10.10 11:40:17 IST
Reason: SelfAttested

12. साजनराम पुत्र भारूराम
13. नारायणराम पुत्र पांचाराम
14. मुलाराम पुत्र पांचाराम
15. दिनेश कुमार पत्र हीराराम
16. सहीराम पुत्र पांचाराम
17. कालुराम पुत्र पांचाराम
18. जेठाराम पुत्र खीयाराम
19. भाखराराम पुत्र खीयाराम
20. गंगादेवी पत्नी खीयाराम
21. घमण्डा पुत्र जोधा
22. जगमाल पुत्र जोधा
23. नारणाराम पुत्र जोधा
24. विसना पुत्र मंगला
25. हुकमा पुत्र मंगला
26. भाखरा पुत्र मंगला
27. जयराम पुत्र फुसाराम
28. सुगणीदेवी पत्नी फुसाराम
29. भीखाराम पुत्र फगलुराम
30. मेघाराम पुत्र फगलुराम
31. मानाराम पुत्र फगलुराम
32. मीरोदेवी पत्नी फगलुराम
33. किशनाराम पुत्र जोधाराम
34. शंकरलाल पुत्र भगवानाराम
35. छोगाराम पुत्र भगवानाराम
36. शांतिदेवी पत्नी भगवानाराम
37. सुवटी पत्नी जगमालराम
38. हेमा पुत्र जगमाल
39. धना पुत्र ठाकरा
40. नेना पुत्र जगमाल
41. नारायण पुत्र ठाकराराम
42. बाबु पुत्र जगमाल
43. बाबुलाल पुत्र जोधाराम
44. राजु पुत्र जगमाल
45. लाधु पुत्र जगमाल

जाति विश्नोई निवासी जम्भेश्वर नगर तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर।

46. उपवन संरक्षक वन विभाग बाड़मेर

.................. असल अप्रार्थीगण

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.10.10 11:40:17 IST
Reason: SelfAttested

बाबूलाल बनाम किशनाराम
2025 / 588
निर्णय दिनांकः—29.09.2025

47. तहसीलदार गुड़ामालानी जिला बाड़मेर

..............तकमीम अप्रार्थी

उपस्थित अधिवक्ता
प्रार्थीः— श्री जगदीश कड़वासरा
अप्रार्थीगणः— एकतरफा

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—111, 128
राजस्थान भू—राजस्व अधि—1956

**—:निर्णयः—**

निर्णय तिथिः— 29.09.2025

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—128 राजस्थान भू—राजस्व अधि—1956 वास्ते निर्णय हेतु पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण की हाल आराजी खसरा संख्या 267 / 48.6350 है0, 267 / 4 / 14.4068 है0 मौजा जम्भेश्वर नगर तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर में स्थित है। उक्त वर्णित आराजी प्रार्थीगण की कब्जेकाश्त खातेदारी की आराजी है एवं आराजी पर प्रार्थीगण काबिज रहकर बिना किसी बाधा, रूकावट के काश्त करते चले आ रहे है। उक्त खातेदारी आराजी से अप्रार्थीगण का कोई हक संबंध किसी प्रकार का नहीं है। अप्रार्थीगण प्रार्थीगण की आराजी के कार्यकाश्त में बाधा डालते हैं। उक्त आराजी का मौके पर सीमांकन नहीं होने से प्रार्थीगण द्वारा सीमांकन कराए जाने बाबत तहसीलदार गुड़ामालानी के यहां प्रार्थना—पत्र पेश किया जिस पर तहसीलदार गुड़ामालानी के आदेशांक दिनांक 14.06.2025 की पालना में दिनांक 26.06.2025 को पटवारी हल्का नगर द्वारा उक्त आराजी का सीमांकन करवाया गया। परन्तु अप्रार्थीगण मौके पर असंतुष्ट होकर पैमाईश को नहीं मान रहे है तथा प्रार्थीगण की आराजी को अपनी आराजी में मिलाना चाहते है। अब प्रार्थीगण अपनी खातेदारी आराजी खसरा संख्या 267 / 48.6350 है0, 267 / 4 / 14.4068 है0 मौजा जम्भेश्वर नगर तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर की पत्थरगढ़ी दिनांक 26.06.2025 की सीमाज्ञान रिपोर्ट के अनुसार कराना चाहते है। अंत में प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी उक्त की पत्थरगढ़ी मुताबिक पैमाइश के अनुसार कराए जाने के आदेश जारी करने का निवेदन किया गया।

2. प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया एवं अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। बावजूद विधिवत तामील के अप्रार्थीगण न्यायालय हाजा में अनुपस्थित होने से अप्रार्थीगण के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गयी।

3. न्यायालय द्वारा विद्वान अधिवक्ता प्रार्थीगण की बहस सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना—पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी की मुताबिक पैमाइश दिनांक 26.06.2025 के अनुसार पत्थरगढ़ी के आदेश जारी करने का निवेदन किया है।

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.10.10 11:40:17 IST
Reason: SelfAttested

4. मैंने बहस प्रार्थीगण अधिवक्ता पर मनन किया। प्रकरण में सर्वप्रथम राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—111 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

> ***111. Decision of disputes as to boundaries**.—(1) In case of any dispute concerning any boundaries the Land Records Officer shall decide such dispute, so far as possible, on the basis of the existing survey maps and, where this is not possible or such maps are not available, on the basis of actual possession.*
>
> *(2) If, in the course of an inquiry into a dispute under this section the Land Records Officer is unable to satisfy himself as to which party is in the possession or it if is shown that possession has been obtained by wrongful dispossession of the lawful occupants within a period of three months previous to the commencement of the inquiry, the Land Records Officer shall ascertain by summary inquiry who is the party best entitled to possession and shall then fix the boundary accordingly.*

5. राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—111 के अनुसार खसरों की सीमाओं के विवाद को हाल राजस्व नक्शे के अनुसार तथा हाल राजस्व नक्शे के उपलब्ध न होने पर वास्तविक कब्जे के आधार पर निस्तारित किये जाने के प्रावधान बनाये गये है। खसरों की सीमाओं के विवाद को निस्तारित करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 के तहत प्रावधान बनाये गये है। अतः प्रकरण में साथ ही राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

> ***128. Boundary disputes.** - All disputes concerning boundaries shall be decided by the Land Record Officer in the manner laid down in section 111:*
>
> ***Provided that** applications in relation to boundaries of fields may be made to and disposed of by the Tehsildar in cases where there exists no dispute as to such boundaries but on account of the absence of proper boundary marks there is the likelihood of such a dispute arising.*

6. उक्त विधिक प्रावधानों के संदर्भ में पत्रावली पर संलग्न दस्तावेजात् जमाबंदी संवत् 2073—2076 जमाबंदी 2078 (वर्ष 2021) से स्थायी ग्राम जम्भेश्वर नगर में राजस्व इन्द्राज एवं तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा किये गये सीमांकन रिपोर्ट का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। बाद अवलोकन पाया गया कि पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड वाके ग्राम जम्भेश्वर नगर के अंकित इन्द्राज के अनुसार उक्त आराजी प्रार्थीगण की सालिम खातेदारी की आराजी होना साबित है। साथ ही संलग्न रिपोर्ट पैमाइश दिनांक 26.06.2025 से भी यह तथ्य साबित है कि प्रार्थीगण द्वारा तहसीलदार गुड़ामालानी के माध्यम से हल्का पटवारी से युक्त वर्णित आराजी की पैमाइश कराई जा चुकी है। सीमाज्ञान रिपोर्ट में पटवारी हल्का द्वारा मौके पर आराजी खसरा को मुस्तकिल बिन्दु मानकर सीमाज्ञान किया। मौके पर प्रार्थीगण को सीमाचिह्न बताकर प्रार्थीगण को संतुष्ट किया गया है। तहसीलदार रिपोर्ट के अनुसार उक्त वर्णित आराजी की खसरे की सीमाओं को लेकर अप्रार्थीगण

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.10.10 11:40:17 IST
Reason: SelfAttested

के साथ सीमा विवाद है। इस प्रकार प्रार्थीगण की अपनी कब्जेशुदा खातेदारी आराजी की सुरक्षा तथा सीमा विवाद के निस्तारण हेतु पत्थरगढ़ी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर आदेश जारी किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश है कि

**प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण अंतर्गत धारा—128 भू—राजस्व अधिनियम—1956 के बाबत् पत्थरगढ़ी किये जाने का स्वीकार किया जाता है। हाल आराजी खसरा संख्या 267/48.6350 है0, 267/4/14.4068 है0 मौजा जम्भेश्वर नगर तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर पर प्रार्थीगण एवं संबंधित पक्षकारों/हितधारकों की पूर्व सूचित उपस्थिति में खातेदारी आराजी पर पत्थरगढ़ी किये जाने के आदेश तहसीलदार गुड़ामालानी को दिये जाते हैं एवं साथ ही निर्देश दिये जाते हैं कि अप्रार्थीगण को मौके पर उपस्थित रहने बाबत जरिये नोटिस पूर्वसूचित करते हुए पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट न्यायालय को अवगत करायें। पक्षकार अपना—अपना खर्चा स्वयं वहन करेंगे।**

आदेश प्रति पालनार्थ हेतु तहसीलदार गुड़ामालानी को भिजवाई जावें। अहकाम पृथक से जारी किया जावे।

यह आदेश मेरे द्वारा आज दिनांक 29.09.2025 को लिखवाया जाकर सरे—इजलास सुनाया जाकर हस्ताक्षर व मोहर युक्त जारी किया गया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
गुढामालानी (बाड़मेर)

सहायक कलक्टर एवं उपखंड अधिकारी
सत्यमेव जयते
गुढ़ामालानी

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.10.10 11:40:17 IST
Reason: SelfAttested